12 जनवरी 2018

चिली के चुनाव

*डॉ. मो. अब्दुल गफ्फार**

स्रोत: गूगल मैप्स

अरबपति पूर्व राष्ट्रपति (2010-2014) सेबेस्टियन पिनियेरा की 17 दिसंबर, 2017 को चिली के राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ (रन-ऑफ) में जीत को अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे और पेरू में रूढ़िवादी राजनीति के उदय के बाद दक्षिण अमेरिकी राजनीति में राष्ट्रवाद के विस्तार के रूप में देखा जाता है । 68 वर्षीय राष्ट्रवादी ने केंद्र-वामपंथी टेलीविजन पत्रकार श्री अलेजांद्रो गुइलियर को गणना किए गए 99 प्रतिशत मतों में से 54.6 प्रतिशत मत प्राप्त कर हरा या। रन-ऑफ 19 नवंबर, 2017 को पहले दौर के मतदान का अगला चरण था , जिसमें चिली वामोस (लेट्स गो, चिली) गठबंधन के श्री पिनियेरा को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी श्री गुइलियर को प्राप्त 22.70 प्रतिशत के मुकाबले 36.64 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। हालाँकि, वह अपने प्रतिद्वंद्वी से 10 प्रतिशत से अधिक मतों से आगे थे, लेकिन श्री पिनियेरा को प्राप्त मत रन- ऑफ से बचने के लिए आवश्यक एकमुश्त जीत के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से कम थे ।[i] श्री पिनयेरा, 11 मार्च, 2018 को पदभार ग्रहण करेंगे। चिली के 1980 के संविधान के अंतर्गत, राष्ट्रपति केवल एक गैर-निरंतर कार्यकाल में पद पर रह सकता है , इसलिए, वर्तमान राष्ट्रपति मिशेल बेचले चुनाव नहीं लड़ सकती थीं।

14.3 मिलियन मतदाताओं में से अनेक चिली नागरिकों ने चुनाव में भाग नहीं लिया और कम मतदान का कारण राजनीतिक उदासीनता प्रतीत होता है। सीईपी मतदान आंकड़ों के अनुसार, 47 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं है। पहले दौर में, राजनीतिक दलों के आठ उम्मीदवारों के बावजूद , मतदान केवल 46.7 प्रतिशत था। यहां तक कि रन- ऑफ में भी केवल 44 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। पहली बार, 54 देशों में 39,137 चिली नागरिकों ने- जो चिली के 18 मिलियन के चार प्रतिशत हैं - वोट कर सकते हैं, इसका श्रेय राष्ट्रपति बेचले के 2014 के सुधार उपाय को जाता है जिससे अनिवासी चिली नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में वोट करने की अनुमति मिली है।

श्री पिनियेरा के चुनाव अभियान में क ई प्रमुख मुद्दों का बोलबाला था। अभियान कमजोर अर्थव्यवस्था को फिर से मजबूत करने, कॉर्पोरेट टैक्स कोड में सुधार करने, पेंशन में सुधार करने और राज्य द्वारा अनावश्यक खर्च करने वाले कार्यक्रमों को समाप्त करने पर केंद्रित था । उन्होंने हजारों नई "गुणवत्तापूर्ण" नौकरियों का सृजन करने और अधिकांश छात्रों के लिए मुफ्त उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना बनाए रखने का संकल्प लिया। मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए, उन्होंने अगले चार वर्षों में 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर या प्रति वर्ष जीडीपी का 1.4 प्रतिशत अतिरिक्त सार्वजनिक खर्च करने का आह्वान किया है। यह नि :शुल्क नर्सरी स्कूलों सहित पेंशन, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा। श्री पिनियेरा ने कहा कि इस राशि का आधा हिस्सा उच्च वृद्धि और

"अप्रभावी" और "अनावश्यक" खर्च में कमी से आएगा। कुल कर बोझ जीडीपी का लगभग 20 प्रतिशत होगा।

श्री गुइलियर, एक पूर्व समाचार वाचक, सोशल डेमोक्रेट रेडिकल पार्टी और राष्ट्रपति बेचले के नेतृत्व वाले सत्ताधारी न्यू मेजोरिटी (नुएवा मेयोरिया) गठबंधन के उम्मीदवार थे। अभियान के दौरान उन्होंने बेचले प्रशासन के सुधार एजेंडे को जारी रखने का संकल्प लि या था । स्वास्थ्य, शिक्षा और पेंशन पर खर्च बढ़ा ना ;गर्भपात कराने की सुविधा में सुधार; स्थानीय सरकार के लिए अधिक स्वायत्तता और अधिकार; स्वदेशी अधिकारों की व्यापक मान्यता; और, कल्याणकारी राज्य को बढ़ावा प्रमुख सुधार एजेंडा था ।

1990 में चिली में लोकतंत्र की वापसी के बाद से , श्री पिनियेरा, एक व्यवसायी जि नकी अनुमानित संपत्ति 1.2 बिलियन यूएस डॉलर है, एकमात्र केंद्र-राष्ट्रवादी राजनेता हैं जिन्होंने पार्टीज ऑफ डेमोक्रेसी (कॉन्सर्टिसियोन) (द पार्टी फॉर डेमोक्रेसी, द सोशलिस्ट पार्टी, द क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी और द डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रेडिकल पार्टी) के गठबंधन को हराया है । पहले दौर में श्री पिनियेरा की जीत को राष्ट्रपति बेचले के प्रति अस्वीकरण माना गया था और इस से वामपथियों में विभाजन भी देखा गया था। द क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी (पार्टीडोडेमोक्रेटा क्रिस्टियानो) ने राष्ट्रपति बेचले के न्यू मे जोरिटी गठबंधन से अलग होने का फैसला किया और , पहली बार अपने उम्मीदवार को मैदान में उतारा। ऐसा राष्ट्रपति बेचले के सात-पार्टीयों के वामपंथी गठबंधन के भीतर घटते सार्वजनिक समर्थन और अव्यवस्था के कारण भी हुआ था। उनकी लोकप्रियता 2010 में अपने पहले कार्यकाल के अंत में 84 प्रतिशत से घटकर 2017 में 23 प्रतिशत हो गई।[ii] राष्ट्रपति बैचेलेट का प्रशासन भ्रष्टाचारपूर्ण घोटालों से ग्रस्त हो गया और इसमें शामिल चिली के सबसे बड़े वित्तीय समूह, पेंटा समूह, और राष्ट्रवादी दल, इंडिपेंडेंट डेमोक्रेटिक यूनियन (यूनियन डेमोक्रेटाइंडिपेंडेंसी) (यूडीआई) शामिल हैं।[iii] इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि घोटालों में से एक में राष्ट्रपति बेचले के बेटे, सेबेस्टियन डावलोस शामिल थे। उन पर अपनी पत्नी की कंपनी, कैवल के लिए 10 मिलियन यूएस डॉलर बैंक ऋण की व्य वस्था करने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करने का आरोप लगाया गया था, जिसने तब केंद्रीय चिली में भूमि खरीदने के लिए धन का उपयोग किया था, जिसे तुरंत लाभ के लिए पुनर्विक्रय किया गया था।[iv] राष्ट्रीय बैंकिंग नियामक ने श्री डावलोस के खिलाफ आरोपों को खारिज कर दिया था, लेकिन कांग्रेस ने आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया था।.[v] इसके अलावा, वस्तुओं की कीमतों में भारी गिरावट के कारण, दक्षिण अमेरिका की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ चिली की अर्थव्यवस्था काफी धीमी हो गई है। श्री पिनियेरा की जीत का एक और कारक केंद्र-वामपंथी और मध्यमार्गी दलों का अपने-अपने रास्ते जाने का फैसला लेने के बाद पार्टीज ऑफ डेमोक्रेसी के गठबंधन का विभाजन था ।

आर्थिक समस्याएं और बदलते राजनीतिक परिदृश्य

लगभग तीन दशकों के लिए, 1988 के जनमत संग्रह में जनरल ऑगस्टो पिनोशे के सैन्य शासन को हराने के बाद पार्टीज ऑफ डेमोक्रेसी के गठबंधन ने एक मजबूत राजनीतिक और आर्थिक पकड़ बनाए रखी। तानाशाही के बाद की अवधि में, पार्टीज ऑफ डेमोक्रेसी के गठबंधन ने चिली के नागरिकों की आजीविका में सुधार के लिए समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया। 1990 से 2011 तक, जब विश्व में तांबे की कीमतें चरम पर थीं, अर्थव्यवस्था औसतन 5.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ी। गरीबी में भी काफी गिरावट आई, जो 1990 में 68 प्रतिशत से घटकर 2013 में 14.4 प्रतिशत रह गई। हालांकि, परिवार की आय में वृद्धि हुई है और 2006 से गरीबी आधी हो गई है, फिर भी चिली आय, धन और अवसर के मामले में ओईसीडी के संदर्भ में सबसे असमान देश है, और अधिकतर समृद्धि सूचकांक ओईसीडी औसत से कम हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 1990 के बाद से चिली में असमानता घट गई है, लेकिन 2013 में पड़ोसी देशों पेरू और अर्जेंटीना की तुलना में अधिक थी।

2006 के बाद से, राष्ट्रपति बेचले अपने कुछ सुधारवादी मंच पर खरी उतरने में सक्षम रही हैं, जिसमें कराधान, शिक्षा और प्रचार वित्त के मुद्दे शामिल हैं। लेकिन अगस्त 2016 तक, राष्ट्रपति बेचले की स्वीकृति रेटिंग केवल 19 प्रतिशत तक गिर गई थी, एडिमार्क सर्वेक्षण के अनुसार - किसी भी राष्ट्रपति की चिली में लोकतंत्र वापसी के बाद से यह सबसे कम रेटिंग है।[vi] अगस्त 2017 में उनकी स्वीकृति रेटिंग में थोड़ा सुधार हुआ, जो 35 प्रतिशत तक बढ़ा, लेकिन यह कायम नहीं रह सका। सैंटियागो स्थित विशेषज्ञ संस्था सेंटर फॉर पब्लिक स्टडीज (सेंट्रो डी इस्टूडियोजपब्लिकोज, सीईपी) द्वारा अक्टूबर 2017 के अंत में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, , 64 प्रतिशत चिली नागरिकों ने संकेत दिया कि वे राष्ट्रपति पर भरोसा नहीं करते हैं और केवल 23 प्रतिशत ने उसने सरकार चलाने के तरीके को मंजूरी दी है - जो कि 84 प्रतिशत स्वीकृति दर के विपरीत है जो उन्होंने 2010 में अपने पहले कार्यकाल के अंत में प्राप्त की थी।[vii]

ऐतिहासिक रूप से, चिली तांबे के निर्यात पर अत्यधिक निर्भर रहा है, जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 20 प्रतिशत और सभी निर्यातों के आधे से अधिक है। पहले श्री पिनियेरा प्रशासन के दूसरे वर्ष के दौरान 2011 में तांबे की कीमतों में वृद्धि हुई; लेकिन राष्ट्रपति बेचले के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत तक, चिली ने एक खुले बाजार की अर्थव्यवस्था की शुरुआत की। हालांकि, 2015-2016 से, वैश्विक तांबे की कीमतों में 22 प्रतिशत की गिरावट आई और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 2013 में 4 प्रतिशत से गिरकर 2017 में 1.5 प्रतिशत हो गया। यह राष्ट्रपति बेचले के सामाजिक

खर्च में वृद्धि के समय हुआ, जिससे निवेशकों का विश्वास कम हुआ। 2015 में, राष्ट्रपति बेचले ने पिनोशे-युग के संविधान को पुन: लिखने का असफल प्रयास किया , जिसमें पूरी तरह से लोकतांत्रिक संस्करण को मुक्त शिक्षा और कर सुधारों के साथ बढ़ावा दिया गया । इन सुधारों की दोनों ओर की राजनीतिक ताकतों ने आलोचना की।



स्त्रोत: ओईसीडी और सेंट लुइस का फेडरल रिजर्व बैंक

चिली के अगले राष्ट्रपति के लिए चुनौती

श्री पिनियेरा की जीत से घरेलू बाजार में और अधिक निवेशक- अनुकूल नीतियों के निवेशकों के बीच आशाएं बढ़ी हैं , हालांकि उन्हें दृढ़ विरो धी के रूप में कांग्रेस का सामना करना पड़ेगा। श्री पिनियेरा को वामपंथी गठबंधन का भी सामना करना पड़ेगा जिसने करों को कम करने और राष्ट्रपति बेचले द्वारा बनाई गई प्रगतिशील नीतियों को "परिष्कृत" करने की उनकी योजनाओं के खिलाफ जाने का वादा किया है । इस संदर्भ में, सुधार के लिए किसी भी पहल को मंजूरी मिलना कठिन हो सकता है।

हाल के वर्षों में आर्थिक चुनौतियों और अर्थव्यवस्था के कमजोर पड़ने के परिणामस्वरूप वर्तमान सरकार में निराशा बढ़ी है। कमजोर विकास दर और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता ने राष्ट्रपति के रूप में बेचले के दूसरे कार्यकाल को प्रभावित किया है। इससे 'न्यू मेजोरिटी' के सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए चुनावी समर्थन कम हो गया , जबकि उसी समय , श्री पिनियेरा के लिए समर्थन बढ़ गया।

राष्ट्रपति बेचले के शुरुआती दो वर्षों में , अर्थव्यवस्था प्रति वर्ष 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी और आर्थिक विकास कम रहने की संभावना है। आईएमएफ के अनुसार , अगले चार वर्षों में चिली के वल 2.3 प्रतिशत सालाना वृद्धि कर सकता है।[viii]

चिली की अर्थव्यवस्था का कमजोर प्रदर्शन निवेशकों को आकर्षित नहीं करेगा और इसका मतलब होगा कि सरकार के भीतर हितों का टकराव पैदा करने के अलावा राजनीतिक घर्षण भी है। उदाहरण के लिए, अगस्त 2017 में, कार्यकारी प्राधिकरण ने चिली की 2.5 बिलियन यूएस डॉलर की लौह-अयस्क परियोजना को रोक दिया , जिसके परिणामस्वरूप चिली के पूरी आर्थिक दल ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि, राष्ट्रपति बेचले ने पर्यावरणीय आधार पर अपने फैसले का बचाव किया है, लेकिन इससे बेचले प्रशासन में गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं ।

हालाँकि, श्री पिनियेरा की जीत से चिली की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है , लेकिन देश की राजनीतिक प्रणाली में कम सामाजिक विश्वास दीर्घकालिक स्थिरता के लिए खतरा है। सुस्त अर्थव्यवस्था के मद्देनजर , नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने देश के सामने आने वाली कठिनाई को दूर करने के लिए एक मार्ग तैयार किया है। यह कारगर होगा या नहीं यह देखना है ।

****

** डॉ. मो. अब्दुल गफ्फार, शोधकर्ता, विश्व मामलों की भारतीय परिषद, नई दिल्ली*
अस्वीकरण: आलेख में व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के हैं और परिषद के वि चारों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं ।

अंत टिप्पण

---

i In Chile, a two-round system is used for presidential election. In order to win the election in the first round, the winning candidate's party must receive more than 50 percent of the valid votes. Should there be more than two candidates in the presidential election, with none of them obtaining more than half of the votes validly cast; a new election shall be held. The second election ("balloting") being held on the fourth Sunday after the first election has been routine in every election since 1990, and limited to the top two candidates when no candidate gains 50 percent of vote.

ii Daniela Mohor, "The Mixed Legacy of Michelle Bachelet," November 16, 2017, https://www.usnews.com/news/best-countries/articles/2017-11-16/chiles-election-serves-as-a-referendum-on-michelle-bachelets-domestic-legacy, Accessed on November 27, 2017.

iii Pascale Bonnefoy, "Executives are Jailed in Chile Finance Scandal," March 7, 2015, https://www.nytimes.com/2015/03/08/world/americas/executives-are-jailed-in-chile-finance-scandal.html, Accessed on November 27, 2017.

iv "Chilean President Asks Cabinet to Resign," May 7, 2015, http://www.bbc.com/news/world-latin-america-32620121, Accessed on November 27, 2017.

v Pascale Bonnefoy, "President of Chile Removes Five From Cabinet in a Shake-Up," May 11, 2015, https://www.nytimes.com/2015/05/12/world/americas/president-michelle-bachelet-chile-reshuffles-cabinet-ministers.html?_r=0, Accessed on November 27, 2017.

vi Karina martin, "Chile's President Bachelet with 24% Approval Ratings after Forest Fires Crisis," March 6, 2017, https://panampost.com/karina-martin/2017/03/06/chiles-president-bachelet-with-24-approval-ratings-after-forest-fires-crisis/, Accessed on November 28, 2017.

vii Daniela Mohor, "The Mixed Legacy of Michelle bachelet," November 16, 2017, https://www.usnews.com/news/best-countries/articles/2017-11-16/chiles-election-serves-as-a-referendum-on-michelle-bachelets-domestic-legacy, Accessed on November 28, 2017.

viii World Economic Outlook, "Real GDP Growth," http://www.imf.org/external/datamapper/NGDP_RPCH@WEO/OEMDC/ADVEC/WEOWORLD/CHL, Accessed on January 1, 2018.

ix Javiera Quiroga, "Chile's Entire Economic Team Resigns in Government Crisis," August 31, 2017, https://www.bloomberg.com/news/articles/2017-08-31/chile-s-finance-minister-valdes-resigns-in-government-crisis, Accessed on January 1, 2018.